# संस्कारविधेर्विषयसूचीपत्रम्


भूमिका १

ग्रन्थारम्भः ३

ईश्वरस्तुतिप्रार्थनोपासनाः ४

स्वस्तिवाचनम् ७

शान्तिकरणम् ९

सामान्यप्रकरणम् १२

- यज्ञकुण्डपरिमाणम् १२
- यज्ञसमिधः १३
- होमद्रव्यचतुर्विधम् १३
- स्थालीपाकः १३
- यज्ञपात्रलक्षणानि १४
- यज्ञपात्राकृतयः १५
- ऋत्विग्वरणम् १७
- आचमनम् १८
- मार्जनम् १८
- अग्न्याधानम् १९
- समिदाधानम् १९
- आघारावाज्यभागाहुतयः २०
- व्याहृत्याहुतयः २१
- संस्कारचतुष्टये चतस्रो मुख्याहुतयः २१
- अष्टाज्याहुतयः २२
- पूर्णाहुतिः २३
- महावामदेव्यगानम् २४

गर्भाधानम् २५

- गर्भाधानस्य प्रमाणम् २५
- ऋतुदानकालः २७

पुंसवनम् ३७

सीमन्तोन्नयनम् ४०

जातकर्मसंस्कारः ४३

नामकरणम् ४९

निष्क्रमणसंस्कारः ५३

अन्नप्राशनसंस्कारः ५६

चूडाकर्मसंस्कारः ५८

कर्णवेधसंस्कारः ६२

उपनयनसंस्कारः ६३

वेदारम्भसंस्कारः ७०

- ब्रह्मचर्याश्रमे कर्त्तव्योपदेशः ७४
- ब्रह्मचर्यकालः ७९
- पुनर्ब्रह्मचर्ये कर्त्तव्योपदेशः ८२

समावर्त्तनसंस्कारः ९०

विवाहसंस्कारः ९६

- गृहाश्रमसंस्कारः १३५
- गृहस्थोपदेशः १३५
- पञ्चमहायज्ञाः १५५
- शालानिर्माणविधिः १६४
- वास्तुप्रतिष्ठा १६६
- ब्राह्मणादिवर्णव्यवस्था १७२
- गृहाश्रमे कर्त्तव्योपदेशः १७५

वानप्रस्थाश्रमसंस्कारः १८६

संन्यासाश्रमसंस्कारः १९१

अन्त्येष्टिकर्मविधिः २१६

# प्रथम संस्करण का प्राक्कथन

## संस्कारों का महत्त्व–

मानव–जीवन की उन्नति में संस्कारों का विशिष्ट महत्त्व है। मानव की शारीरिक, मानसिक तथा आत्मिक उन्नति के लिए जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त भिन्न–भिन्न समय पर संस्कारों की व्यवस्था प्राचीन ऋषि–मुनियों ने बहुत ही सुन्दर ढंग से की है । संस्कारों से ही मानव को द्विज बनने का अधिकार मिलता है । महर्षि मनु ने इस विषय में बहुत ही सत्य लिखा है–

(क) **वैदिकैः कर्मभिः पुण्यैर्निषेकादिर्द्विजन्मनाम् ।**
**कार्यः शरीरसंस्कारः पावनः प्रेत्य चेह च ॥**

–मनु० २।२६

***अर्थ***–द्विजों के गर्भाधानादि संस्कार वैदिक पुण्य कर्मों के द्वारा सम्पन्न होने चाहिएँ । क्योंकि संस्कार इस लोक तथा परलोक में पवित्र करने वाले हैं ।

(ख) **गार्भैर्होमैर्जातकर्मचौडमौञ्जीनिबन्धनैः ।**
**बैजिकं गार्भिकं चैनो द्विजानामपमृज्यते ॥**

–मनु० २।२७

***अर्थ***–गर्भसम्बन्धी हवन (गर्भाधान, पुंसवन तथा सीमान्तोन्नयन–संस्कार) जातकर्म, चूडाकर्म और उपनयन संस्कारों के द्वारा द्विजों के गर्भ एवं वीर्य–सम्बन्धी दोष दूर हो जाते हैं ।

इस प्रकार मनु जी का संस्कारों के विषय में स्पष्ट निर्देश है कि माता–पिता के वीर्य एवं गर्भाशय के दोषों को गर्भाधानादि संस्कारों से दूर किया जाता है । अतः संस्कार शरीरादि की शुद्धि करते हैं । इससे अगले श्लोक (मनु० २।२८) में तो लिखा है कि यज्ञ, व्रतादि से मानवशरीर व आत्मा को ब्रह्मप्राप्ति के योग्य बनाया जाता है ।

महर्षि दयानन्द ने संस्कारों को परमोपयोगी समझकर ही प्राचीन ऋषि–मुनियों की पद्धति का अनुसरण करके संस्कारविधि की रचना की है। उस में महर्षि ने संस्कारों का महत्त्व इस प्रकार बताया है–

(क) 'जिन करके शरीर और आत्मा सुसंस्कृत होने से धर्म, अर्थ,

का पूर्ण उत्तरदायित्व माता-पिता पर ही है । यदि बच्चे के पूर्वजन्म के संस्कार भी उत्तम हों, गर्भावस्था में भी माता-पिता के उत्तम संस्कार पड़े हों और जन्म के बाद भी उत्तम वातावरण प्राप्त हो जाए तो ऐसे बच्चे महाभाग्यशाली होते हैं । महर्षि ने इन के विषय में ही लिखा है-'वह सन्तान बड़ा भाग्यवान्, जिस के माता और पिता धार्मिक और विद्वान् हों ।' (सत्यार्थप्रकाश, द्वितीय समुल्लास)

स्वयं संस्कार शब्द भी संस्कारों की महत्ता को बताता है। संस्कार शब्द में सम् उपसर्ग पूर्वक 'कृ' धातु से 'घञ्' प्रत्यय होता है । और पाणिनि के **'सम्पर्युपेभ्यः करोतौ भूषणे'** सूत्र से अलंकार अर्थ में सुडागम होता है । इसके अनुसार भी संस्कार शब्द का अर्थ है-जिस से शरीरादि सुभूषित हों, उन्हें संस्कार कहते हैं । अथवा भाव में 'घञ्' प्रत्यय करके-

**'संस्करणं गुणान्तराधानं संस्कारः ।'** अर्थात् अन्य गुणों के आधान को संस्कार कहते हैं । संस्कारों से मानव जीवन की सर्वाङ्गीण उन्नति तो होती ही है, साथ ही पुरुषार्थचतुष्टय की प्राप्ति से मानव अपने जीवन-लक्ष्य को प्राप्त करने में भी समर्थ हो जाता है । अतः आर्यों के जीवन में संस्कारों को विशेष महत्त्व दिया गया है ।

**संस्कारविधि की आवश्यकता**-महर्षि दयानन्द ने संस्कारविधि की आवश्यकता बताते हुए लिखा है-

**कृतानीह विधानानि ग्रन्थग्रन्थतत्परैः ।**
**वेद-विज्ञानविरहैः स्वार्थिभिः परिमोहितैः ॥**

संस्कारविधि, पृ० १

**प्रमाणैस्तान्यानादृत्य क्रियते वेदमानतः ।**
**जनानां सुखबोधाय संस्कारविधिरुत्तमः ॥**

संस्कारविधि, पृ० १

अर्थात् वेदादि शास्त्रों से अनभिज्ञ, स्वार्थी तथा मुग्ध मनुष्यों ने संस्कारों के सम्बन्ध में जो मिथ्याग्रन्थों की रचना की है, उन का वेदादि के प्रमाणों से खण्डन करके लोगों को सरलता से बोध कराने के लिए यह उत्तम संस्कारविधि की रचना की है । इस से स्पष्ट है कि आर्यजाति में वेदादि शास्त्रों में विहित संस्कारों में जो दूषित मान्यताएँ प्रविष्ट हो गई थीं, अथवा जिन शुद्ध परम्पराओं को लोग भूल गये थे, उन दोषों को दूर करके आर्यजाति के पुनरुत्थान के लिए इस अलौकिक

संस्कारविधि ग्रन्थ की महर्षि ने रचना की है ।

आजकल के नवीन वेदान्ती जो यह मिथ्याप्रचार करते रहते हैं कि कर्मकाण्ड तो जगत् में फंसाता है, अतः मुमुक्षु जनों को ज्ञानकाण्ड को तो अपनाना चाहिए और कर्मकाण्ड की उपेक्षा करनी चाहिए। ऐसी मिथ्या भ्रान्तियों का खण्डन करते हुए महर्षि ने लिखा है—

**अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते ।** —यजुः० ४०।१४

अर्थात् अविद्या=कर्मोपासना से मृत्यु को तर के विद्या=अर्थात् यथार्थ ज्ञान से मोक्ष को प्राप्त होता है । —(सत्यार्थ० नवम०)

इस वेदप्रमाण के अनुसार ज्ञानकाण्ड की आवश्यकता बता कर महर्षि ने खण्डन किया है । इसी प्रकार ईश्वर के सच्चे स्वरूप तथा उस की सच्ची उपासना-पद्धति बताने के साथ-साथ इस संस्कारविधि में संस्कारों का सच्चा स्वरूप बताकर संस्कारों के महत्त्व को अक्षुण्ण बनाया है । और भ्रान्तिपूर्ण अविद्याग्रस्त आर्य-सन्तति को संस्कारों की सत्य-पद्धति का सप्रमाण दर्शन कराकर एक अतीव प्रशस्त कार्य किया है ।

## क्या स्वस्तिवाचन व शान्तिकरण के मन्त्रार्थ ईश्वर-परक ही हैं?—

संस्कारविधि के प्रारम्भ में स्वामी जी ने ईश्वरस्तुति प्रार्थना तथा उपासना के आठ मन्त्र लिखकर 'स्वस्तिवाचनम्' तथा 'शान्तिकरणम्' के मन्त्र लिखे हैं । इन दोनों प्रकरणों के मन्त्रों का अर्थ स्वामी जी ने संस्कारविधि में नहीं लिखा है । इनके ग्रन्थों के विषय में स्वामी जी ने स्पष्ट निर्देश किया है ।

"मन्त्रों के यथार्थ अर्थ मेरे किये वेद-भाष्य में लिखे ही हैं। जो देखना चाहें, वहां से देख लेवें ।" (स०वि० भूमिका)

इन दोनों प्रकरणों के अर्थों के विषय में प्रायः यह भ्रान्ति बनी हुई है कि इन मन्त्रों में भी ईश्वर-स्तुति तथा उपासना का ही वर्णन किया है । इसके मन्त्रों के त्रिविध अर्थ मानकर विद्वान् या पुरोहित अर्थ करने की चेष्टा भी करते हैं । किन्तु उन की यह धारणा सत्य नहीं । यदि ये समस्त मन्त्र ईश्वर-स्तुत्यादि के ही होते तो तीन प्रकरण बनाने की क्या आवश्यकता थी ? और स्वामी जी के वेदभाष्य में इन के जो अर्थ उपलब्ध होते हैं, उन में स्वामी जी ने भी सब की ईश्वरपरक व्याख्या नहीं की है । 'स्वस्तिवाचन' तथा 'शान्तिकरण' जो इन मन्त्रों का नामकरण किया है, उस से भी यही स्पष्ट होता है कि **सु+अस्ति**=

**स्वस्ति अर्थात् शुभ कर्म क्या है और अशुभ क्या है ?** इसका वर्णन स्वस्तिवाचन में किया है । और शान्ति तीन प्रकार की मानी जाती है– १. आध्यात्मिक, २. आधिदैविक, ३. आधिभौतिक । अतः शान्तिकरण में तीनों प्रकार के मन्त्रों का संग्रह किया गया है। और दोनों प्रकरणों के रखने का एक क्रम है । जब मनुष्य शुभ कर्म करता है तभी उसे सुख व शान्ति प्राप्त होती है ।

यथार्थ में त्रिविध–प्रक्रिया से मनुष्यों को बड़ी भ्रान्ति हुई है कि प्रत्येक मन्त्र के तीन प्रकार के अर्थ होते हैं, यह एक अवैदिक धारणा है । प्रत्येक मन्त्र का प्रतिपाद्य विषय देवता के रूप में ऋषियों ने निश्चित किया हुआ है । उसके अनुसार ही मन्त्रार्थ की सङ्गति उचित है । और प्रत्येक पदार्थ में सामान्य व विशेष धर्म होते हैं । विशेष–धर्मों से अर्थनिर्णय परक मन्त्रों का अर्थ ईश्वरपरक और ईश्वरपरक मन्त्रों का अर्थ प्रकृतिपरक कर दिया जाए । अतः जहां मन्त्र के अनेक अर्थ सम्भव हों, वहीं करने चाहिएँ, सर्वत्र नहीं । जिन विद्वानों ने त्रिविध प्रक्रिया को मानकर वेदार्थ करने का सङ्कल्प किया, वे सब अपनी मान्यता का पूर्णतया पालन करने में सर्वथा असफल रहे हैं । आचार्य श्री वैद्यनाथ जी शास्त्री का 'सामवेद–भाष्य' इस विषय का प्रबल प्रमाण है । वे अपनी इस प्रतिज्ञा का सर्वत्र निर्वाह नहीं कर सके कि सामवेद के मन्त्रों में उपासना प्रकरण ही है । श्री आचार्य जी को तो अपनी त्रिविध प्रक्रिया से ईश्वर–परक अर्थ करने ही चाहिएँ थे, परन्तु वैदिक नियमों तथा मन्त्रों की सङ्गति के आगे उन्हें नतमस्तक होना पड़ा और ईश्वर से भिन्न पदार्थों के वर्णन में ईश्वरपरक अर्थ वे नहीं कर सके।

स्वस्तिवाचन व शान्तिकरण के मन्त्रों का महर्षिकृत अर्थ इस विषय में बहुत ही स्पष्ट कर देता है कि ये सब मन्त्र ईश्वर–स्तुत्यादि के ही नहीं हैं । महर्षिकृत कुछ मन्त्रों के विषय देखिये–

(१) **ये देवानां यज्ञिया यज्ञियानां० ॥** –ऋ० ७।३५।१५

इस मन्त्र के विषय में महर्षि लिखते हैं–मनुष्यों को किन से विद्याध्ययन और उपदेश सुनना चाहिए । इस मन्त्र का देवता 'विश्वेदेवाः' है ।

(२) **स्वस्तये वायुमुपब्रवामहै सोमम्०** –ऋ० ५।५१।१२

इस मन्त्र का विषय है–मनुष्य कैसे विद्यावृद्धि करें ?

(३) **विश्वे देवा नो अद्या स्वस्तये०** –ऋ० ५।५१।१३

इस मन्त्र का विषय है–विद्वान् क्या करें ?

इस से महर्षि के भावों का बहुत ही स्पष्टीकरण हो जाता है कि **महर्षि का यह संस्कारविधि सब से बाद का ग्रन्थ है । और यह निर्विवाद बात है कि लेखक की अन्तिम पुस्तक अधिक प्रामाणिक होती है । और महर्षि ने यह भी स्पष्ट लिखा है कि जो अधिक उपयोगी विषय है, वह इस में बढ़ाया गया है ।**

महर्षि के ग्रन्थों में सन्ध्या व हवन की विधियों में एकरूपता न देखकर प्रायः सन्देह ही बना रहता है कि किस विधि को प्रामाणिक माना जाए । हमारा विचार है कि संस्कारविधि की सन्ध्या तथा हवन की विधियाँ ही सर्वाधिक प्रामाणिक तथा पूर्ण हैं । हमारे इस पक्ष की पुष्टि निम्न तथ्यों से होती है—

(१) महर्षि की सन्ध्या–हवन कृतियों में यह संस्कारविधि अन्तिम कृति है । अन्तिम कृति में लेखक जो भी परिवर्धन करना चाहता है, कर सकता है और वह प्रामाणिक होता है ।

(२) संस्कारविधि से भिन्न सन्ध्या तथा हवन की पुस्तकों की विधियों में ऐसी पूर्णता नहीं है, जैसी इस में है । जैसे दैनिक अग्निहोत्र की १६ आहुतियाँ संस्कारविधि के आश्रय के विना पूर्ण नहीं होतीं।

(३) महर्षि ने भी अपने जीवन के अन्तिम समय में इसी की विधियों को मानने का आदेश दिया है—“**सन्ध्योपासनादि नित्यकर्म नीचे लिखे प्रमाणे यथाविधि उचित समय में किया करें ।** इन नित्य कर्मों में लिखे हुए मन्त्रों का अर्थ और प्रमाण पञ्चमहायज्ञविधि में देख लेवें ।” (सं० वि० गृहाश्रम०)

(४) ऋषि ने जिन विधियों में परिवर्तन करना उचित नहीं समझा, उन को संस्कारविधि में न लिखकर दूसरे ग्रन्थों में ही देखने को लिख दिया है । जैसे पितृयज्ञ व अतिथियज्ञ का विशेष उल्लेख संस्कारविधि में नहीं किया गया । इससे भी ऋषि का मन्तव्य स्पष्ट है कि सन्ध्या व हवन में उन्होंने संशोधन आवश्यक समझकर ही किया है ।

(५) जो विद्वान् यह मानते हैं कि पञ्चमहायज्ञों के लिए पञ्चमहायज्ञविधि ही प्रामाणिक पुस्तक है । उन से हमारा विनम्र निवेदन है कि वे हमारी उपर्युक्त बातों पर पुनर्विचार करें । और **सन्ध्या तो पञ्चमहायज्ञविधि के अनुसार कर लेते हैं किन्तु हवन करने में संस्कारविधि का आश्रय क्यों लेते हैं ? क्या हवन की विधि पञ्चमहायज्ञविधि में पूर्ण है ?** अतः उन का पक्ष सत्य तथा महर्षि

के मन्तव्य से विपरीत ही है ।

(६) जो विद्वान् यह मानते हैं कि संस्कारविधि की सन्ध्या गृहस्थियों के लिए ही है तो उनसे हमारे दो प्रश्न हैं–(१) सन्ध्या की भाँति हवन भी तो संस्कारविधि में गृहस्थियों के लिए होगा ? आप हवन में संस्कारविधि का आश्रय क्यों करते हैं ? (२) सं० वि० के गृहाश्रम प्रकरण में प्रातःकालीन मन्त्र भी लिखे हैं । उन मन्त्रों को भी गृहस्थियों के लिए ही मानकर सन्ध्या-हवन की पुस्तकों में प्रकाशित क्यों करते हो ? क्या एक बात को मान लेना और दूसरी को छोड़ देना अर्धजरतीन्याय के तुल्य नहीं है ?

(७) संस्कारविधि व पञ्चमहायज्ञविधि की सन्ध्या-हवन की विधियों में परस्पर कहीं भी विरोध नहीं है । अपितु संस्कारविधि में कुछ विशेष विधियों का उल्लेख है । जो महर्षि ने परिवर्धन करके ही लिखी हैं । ऋषियों की यह शैली होती है कि जहां परस्पर विरोध न हो वहां विशेष वाला पाठ ही मान्य होता है ।

(८) संस्कारविधि से भिन्न पुस्तकों में ईश्वर-स्तुति, प्रार्थनोपासना, 'अयन्त इध्म०' मन्त्र से पांच आहुतियां, 'विश्वानि देव०' तथा 'अग्ने नय०' मन्त्रों से दैनिक अग्निहोत्र में आहुति देना नहीं लिखा । जो विद्वान् संस्कारविधि की सन्ध्या को प्रामाणिक नहीं मानते, वे संस्कारविधि की सन्ध्या की तरह हवन की विधि का परित्याग भी क्यों नहीं करते ?

(९) संस्कारविधि के वेदारम्भसंस्कार में महर्षि ने लिखा है कि **आचार्य बालक से वह सन्ध्यापद्धति करवाये जो गृहाश्रमप्रकरण में लिखी है ।** इस से भी यह सिद्ध है कि ब्रह्मचर्य और गृहस्थ आश्रमों की सन्ध्यापद्धति एक ही है ।

अतः हमारा यह स्पष्ट तथा निश्चित अभिमत है कि संस्कारविधि की सन्ध्या व हवन की विधियाँ ही पूर्ण तथा प्रामाणिक हैं । हमारे दैनिक क्रियाकलापों में एकरूपता लाने के लिए इन विधियों को ही, अपनाना उचित है । हमें आश्चर्य तो तब होता है कि आर्यसमाज के पुरोहित विद्वान् अपनी तरफ से बढ़ाकर तो कुछ विधियाँ कराते हैं, किन्तु महर्षि की विधियों को अपनाने में पता नहीं क्यों संकोच करते हैं ? आर्यविद्वानों तथा सभा के अधिकारियों को इस विषय में निष्पक्ष विचार करना चाहिए ।

## संस्कारविधि के प्रमाणभाग में पाठभेद क्यों ?

संस्कारविधि के प्रमाण भागों पर भी कुछ व्यक्ति आक्षेप किया करते हैं । महर्षि ने प्रमाण भागों पर पते नहीं दिए हैं, केवल वेद–मन्त्रों के ही पते दिए हैं । आक्षेपकर्त्ता संस्कारविधि के प्रमाणभागों को वर्त्तमान में उपलब्ध पुस्तकों से मिलान करके आक्षेप किया करते हैं कि स्वामी जी ने ये पाठ कल्पित लिखे हैं । किन्तु उन्हें महर्षि–कालीन पुस्तकों में इन प्रमाणभागों की खोज करनी चाहिए अथवा महर्षि की शैली को समझकर निर्णय करना चाहिये । अन्यथा भ्रान्तियों का निराकरण सम्भव नहीं है । जैसे–

(१) संस्कारविधि के विवाह–प्रकरण में 'ओम् अघोरचक्षु–पतिघ्न्येधि०' (ऋ० १०।८५।४४) मन्त्र में महर्षि ने 'देवृकामा' पद लिखा है किन्तु सायण तथा मैक्समूलरादि ने 'देवकामा' पाठ लिखा है, इस से सन्देह अवश्य होता है । किन्तु महर्षि लिखित पाठ ही ठीक प्रतीत होता है । विवाह–प्रकरण में देवृकामा=देवर की कामना करनेवाली पाठ युक्तियुक्त तथा सुसंगत भी है । और अथर्ववेद (१४।२।१७) में कुछ पाठभेद से यही मन्त्र पठित है, उस में भी 'देवृकामा' ही पाठ है । विदेशी विद्वान् 'ह्विटने' ने भी निजानुवाद में यही पाठ माना है। अजमेर वैदिक यन्त्रालय में छपे ऋग्वेद में भी यही पाठ छपा है । 'ह्विटने' ने यह भी अपनी टिप्पणी में लिखा है कि 'पिप्पलाद–शाखा' में 'देवृकामा' पद का ही पाठ है ।

(२) संस्कारविधि के गर्भाधान–प्रकरण में महर्षि ने गर्भाधान–विधायक पारस्करगृह्यसूत्र का निम्न सूत्र दिया है–

**'अथ गर्भाधानं स्त्रियाः पुष्पवत्याश्चतुरहादूर्ध्वꣳस्नात्वा विरुजा–यास्तस्मिन्नेव दिवा आदित्यं गर्भमिति ।'** महर्षि ने इस सूत्र को पारस्कर गृह्यसूत्र का लिखा है । परन्तु आजकल उपलब्ध गृह्यसूत्रों में यह पाठ नहीं मिलता । शास्त्रार्थादि के समय पौराणिक विद्वान् इस पर बहुधा आक्षेप किया करते हैं । किन्तु महर्षि झूठा क्यों लिखते ? इस पाठ का अभाव कैसे हुआ ? यह एक अन्वेषणीय तथ्य है, किन्तु यही पाठ पारस्करगृह्यसूत्र में विद्यमान है । वैदिक कानकौरडैंस (Vedic-concordance) वैदिक बृहत्कोष में इसी **'आदित्यं गर्भम्'** (यजुः० १३।४१) वाले मन्त्र का उद्धरण देकर पं० ब्लूमफील्ड ने पारस्करगृह्यसूत्र (अध्याय १ कण्डिका १३) का पता दिया है । गर्भाधान का प्रकरण

भी इसी कण्डिका में है । इस से स्पष्ट है कि ब्लूमफील्ड के पास पारस्करगृह्यसूत्र की जो पुस्तक या हस्तलेख था उस में यह पाठ अवश्य होगा । वैभव प्रेस मुम्बई से वि० १९७४ संवत् में ईडर प्रदेशान्तर्गत मुडेटि ग्राम निवासी पण्डित दुर्गाशङ्कर ने जो पारस्करगृह्यसूत्र छपवाया था, उसमें यही मन्त्र गर्भाधान-प्रकरण में कात्यायन परिशिष्ट मानकर छपा है । और ज्येष्ठराम मुकुन्द जी बम्बई वाले ने भी जो पारस्करगृह्यसूत्र छपवाया था, उस में भी यही पाठ गर्भाधान-प्रकरण में कात्यायन परिशिष्ट मानकर दिया है । स्वामी दयानन्द ने भी संस्कारविधि के प्रथम संस्करण में कात्यायन पारस्करगृह्यसूत्र का वचन लिखा था और द्वितीय संस्करण में केवल पारस्कर का वचन लिखा है । आजकल उपलब्ध समस्त पारस्करगृह्यसूत्रों में कात्यायन परिशिष्ट भाग छोड़ दिया गया है । यह बहुत ही दुःखद बात है । इस रहस्य का उद्घाटन श्री पं० रामगोपाल जी शास्त्री ने 'संस्कारविधिमण्डनम्' में किया है । विद्वान् अनुसन्धान-कर्त्ताओं को इसकी खोज करनी चाहिए ।

(३) संस्कारविधि के सामान्यप्रकरण में पृष्ठ १५ पर स्थालीपाक बनाने के लिए महर्षि ने निम्नलिखित प्रमाण दिया है-

**''ओं देवस्त्वा सविता पुनात्वच्छिद्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः ।''**

इस समग्र पाठ को किसी एक मन्त्र में न देखकर प्रायः आक्षेप किया जाता है कि स्वामी जी का यह प्रमाण किसी वेद में नहीं है। आक्षेपकों को यह भ्रम स्वामी जी की शैली को न जानने तथा विरामचिह्न के अभाव में हुआ है । स्वामी जी की शैली यह भी रही कि अनेक मन्त्रों के अंशों को लेकर प्रमाणार्थ एकत्र लिख देते हैं। यथार्थ में **'देवस्त्वा सविता पुनातु'** यह पूर्व का अर्धभाग यजुः० १।३ का और उत्तर का आधा भाग 'अच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः' यजुः० १।३१ का है । संस्कारचन्द्रिका में केवल पूर्व अर्धभाग ही मूलपाठ में रखकर उत्तरभाग को हटा दिया है । किन्तु यह टीकाकारों ने अनधिकार चेष्टा की है । उन्हें मूलपाठ में घटत-बढ़त करने का कोई अधिकार नहीं है । सन्देहास्पद स्थलों की सङ्गति की अवश्य खोज करनी चाहिए । यह बात श्री रामगोपाल जी शास्त्री ने ही स्पष्ट की है ।

(४) श्री रामगोपाल शास्त्री जी ने महर्षि के कुछ पाठों की सङ्गति लगाकर प्रशंसनीय कार्य किया है । किन्तु संस्कारविधि के कर्णवेध संस्कार के निम्न पाठ को अशुद्ध बताया है-

**'कर्णवेधो वर्षे तृतीये पञ्चमे वा ।'**

इस पाठ के विषय में शास्त्री जी ने लिखा है कि संस्कारविधि के प्रथम संस्करण में उपर्युक्त प्रमाण के आरम्भ में 'अथ' शब्द छपा है, अतः 'अथ' शब्द होना चाहिए । और स्वामी जी ने इस प्रमाण को आश्वलायन गृह्यसूत्र का वचन लिखा है । शास्त्री जी ने इसे कात्यायन पारस्करगृह्यसूत्र का पाठ लिखा है । और यह भी लिखा है कि इस संस्कार में कर्ण के साथ नासिका का वेध भी छपा है, यह पाठ भी भूल से छपा है । इन तीनों बातों के विषय में भी विद्वानों को खोज करनी चाहिए । सम्भव है इस का भी उचित समाधान मिल जायेगा। नासिकावेध की बात भी सम्भव है, कन्याओं की दृष्टि से स्वामी जी ने लिखी हो । क्योंकि संस्कारों का अधिकार दोनों को ही है । विद्वानों को इस पर भी विचार करना चाहिए ।

**श्री मीमांसक जी के प्रामाणिक–संस्करण पर विचार–**

श्री पण्डित युधिष्ठिर जी मीमांसक द्वारा सम्पादित संस्कारविधि के प्रामाणिक संस्करण में सीमन्तोन्नयन संस्कार में स्वामी जी ने जो–

**''ओं राकामहं सुहवाम्०''** इत्यादि मन्त्र दिये हैं, उन के विषय में श्री मीमांसक जी ने लिखा है कि–'ये मन्त्र मन्त्रब्राह्मण से उद्धृत हैं । प्रतीत होता है कि हस्तलेख में लिखते समय पाठ आगे पीछे हो गया है । अतः संस्करण २।१७ तक पाठ निम्न प्रकार से अस्तव्यस्त छपा मिलता है ।''

इस स्थल पर श्री मीमांसक जी को तथा अन्य विद्वानों को पुनर्विचार करना चाहिए । किसी विषय की खोज किए विना सहसैव निर्णय देना उचित नहीं । हमारे विचार में महर्षि के दिए मन्त्र शुद्ध ही हैं । हस्तलेख में ऐसी त्रुटि सम्भव नहीं थी, क्योंकि महर्षि हस्तलेखों को अच्छी प्रकार देखा करते थे । स्वामी जी के समय के किसी गृह्यसूत्र में ही ऐसा पाठ हो सकता है, अथवा स्वामी जी ने इस पाठ को ऊहित करके लिखा हो, यह भी सम्भव है । कर्मकाण्ड में ऊहित–प्रक्रिया को तो सभी विद्वान् मानते हैं ।

श्री मीमांसक जी ने संस्कारविधि के इस संस्करण में वेद–पाठों में परिवर्तन, स्वरचिह्नों में परिवर्तन, ऊहित पाठों में परिवर्तन, ऋषि की भाषा में परिवर्तन, मनुस्मृति के पाठों में परिवर्तन तथा सैकड़ों टिप्पणियाँ दी हैं । जिन का खण्डन ट्रस्ट द्वारा सम्पादित संस्कारविधि के प्रथम

संस्करण में श्री पं० सुदर्शनदेव जी ने बहुत अच्छी तरह से किया है । जिन का मीमांसक जी ने आज तक कोई उत्तर नहीं दिया है । प्रतीत यही होता है कि उन्होंने शीघ्रता से यह कार्य किया है । यथार्थ में किसी मूल लेखक के ग्रन्थ में परिवर्तन करने का किसी को भी अधिकार नहीं । महर्षि के ग्रन्थों को अक्षुण्ण ही बनाए रखना चाहिए। क्योंकि अल्पज्ञ मनुष्य ऋषि की गम्भीरता को कैसे समझ सकते हैं? जहां कहीं ऋषिग्रन्थों में त्रुटि प्रतीत होवे, उस को पृथक् से दिखाना चाहिए । प्रायः यह देखा गया है कि जिसे हम आज अशुद्ध समझ रहे हैं, वह ही कालान्तर में किसी प्रकार से हमारी समझ में आ जाता है । प्रकाशकों का यह भी कर्त्तव्य होना चाहिए कि वे अपनी टिप्पणियों तथा मूल लेखक की टिप्पणियों में किसी प्रकार भेद अवश्य दिखाएं। जिस से पाठकों को यह स्पष्ट पता लग जाए कि यह टिप्पणी किस की है ? और अनावश्यक या भ्रान्तिजनक टिप्पणियाँ नहीं देनी चाहिएं।

**श्री मीमांसक जी की कतिपय अनावश्यक टिप्पणियाँ—**

(१) ऋषि के पाठ का सर्वथा खण्डन करते हुए पण्डित जी लिखते हैं—

'यहां आघाराहुति और आज्यभागाहुति के मन्त्र विपरीत छपे हैं।'

—(पृ० ३८ टि० ४)

यह बात मीमांसक जी ने विना प्रमाण के ही लिख दी है । स्वामी जी ने उत्तर व दक्षिण में जिन मन्त्रों से आहुति लिखी हैं, मीमांसक जी ने उन से विपरीत **'प्रजापतये स्वाहा ।' 'इन्द्राय स्वाहा ।'** मन्त्रों से आहुति लिखी हैं । क्या यह महर्षि से विरोध नहीं है ।

(२) श्री मीमांसक जी ने 'ओ३म्' 'स्वाहा' 'इदन्न मम' इन पदों को मन्त्र से बहिर्भूत दिखाने के लिए अनेक स्थानों पर टिप्पणियाँ दी हैं । शास्त्रों में मन्त्रारम्भ में 'ओ३म् का विधान' तथा 'स्वाहा' का आहुति के लिए विधान किया है । 'इदन्न मम' स्वत्व निवारण के लिए प्राचीन ऋषियों ने विधान किया है । ये पद मन्त्रांश न होते हुए भी अग्निहोत्र में आवश्यक हैं । अतः इन को बहिर्भूत बनाने के लिए टिप्पणियाँ अनावश्यक ही हैं ।

(३) संस्कारविधि में दिए हुए पात्रों का संस्कारविधि में प्रयोग नहीं होता अतः ये व्यर्थ हैं । और व्यर्थता से ज्ञापक निकाला है कि ऋषि अग्निहोत्र से लेकर अश्वमेध पर्यन्त श्रौतयज्ञों का विधान बनाना

चाहते थे । (पृष्ठ २४-२५ टिप्पणी) यह पण्डित जी की कल्पना मात्र ही है । यदि महर्षि का ऐसा भाव होता, तो कहीं पर (भूमिकादि में) अवश्य निर्देश करते ।

(४) संस्कारविधि के सामान्य प्रकरण में वामदेव्यगान के तीनों मन्त्रों के आरम्भ में 'भूर्भुवः स्वः' पर ऋषि ने ऋग्वेदानुसारी स्वरचिह्न दिए हैं ।

पण्डित जी ने पृष्ठ ४३ पर टिप्पणी दी है—हम ने उन के स्थान पर सामवेदानुसारी स्वरचिह्न दे दिए हैं । जब सामवेद में 'भूर्भुवः स्वः' व्याहृति का पाठ है ही नहीं, तो पण्डित जी ने स्वरचिह्न कहां से दिए? क्या इसे कोई बुद्धिमत्ता कह सकता है ?

(५) पण्डित जी ने ऋषि-लिखित वेद-पाठ में भी परिवर्तन करने का अनावश्यक प्रयास किया है । जैसे—**'यस्य च्छाया'** के स्थान पर **'यस्य छाया'** **'योऽन्तरिक्षे'** के स्थान पर **'यो अन्तरिक्षे'**, **'स्वः स्तभितं०'** के स्थान पर **'स्व स्तभितम्'**, **'जुहुमस्तन्नोऽस्तु'** के स्थान पर **'जुहुमस्तन्नो अस्तु'** पाठ कर दिए हैं । सम्भव है पण्डित जी को कहीं ऐसे पाठ-भेद भी मिले हों, किन्तु ऋषि के पाठों को परिवर्तित करना अनधिकार चेष्टा ही कहा जायेगा । जबकि व्याकरणादि नियमों से भी ऋषि-लिखित पाठों में कोई दोष नहीं आता अथवा विकल्प से दोनों ही रूप ठीक हैं, तब परिवर्तन की क्या आवश्यकता है ? इत्यादि टिप्पणियों या परिवर्तनों के होते हुए यह कहना कि हमारा संस्करण प्रामाणिक है, यह केवल मिथ्या गर्वोक्ति मात्र ही है ।

श्री मीमांसक जी द्वारा सम्पादित संस्कारविधि के सम्पादकीय में लिखा है—'इन उपर्युक्त संशोधनों एवं परिवर्तनों को देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि ऋषि की उत्तराधिकारिणी सभा अपने उत्तरदायित्व का कहां तक पालन कर रही है । यह सब ऋषि-ग्रन्थों के प्रकाशन के एकाधिकार का खुल्लमखुल्ला दुरुपयोग है । ऋषि के साथ विश्वासघात नहीं है ? क्या यह ऋषि-ग्रन्थों में परिवर्तन की प्रवृत्ति अनधिकारचेष्टा नहीं है ?

श्री मीमांसक जी ने पर्याप्त संख्या में संस्कारविधि में मनुस्मृति के पाठ-भेदों को भी दिखाया है । उन में महर्षि-लिखित पाठ ही सुसंगत तथा शुद्ध हैं । मनुस्मृति के भिन्न-भिन्न प्रकाशनों में पाठ-भेद मिलते हैं । परन्तु महर्षि के समय जो प्रकाशन उन्हें उपलब्ध हुआ, महर्षि

के मनुस्मृति के पाठ उसी के अनुकूल ही सम्भव हैं । विभिन्न पाठ–भेदों में प्रकरण तथा श्लोकार्थ की संगति को भी देखना आवश्यक होता है । पण्डित जी ने महर्षि के शुद्ध पाठों को कहीं भी प्रामाणिक नहीं लिखा । यह उन की भ्रान्ति ही है । अन्यथा जहां–जहां पाठ–भेद उन्हें मिले हैं, उन की प्रामाणिकता का भी निर्णय करना चाहिए था। संस्कारविधि के दूसरे संस्करण को पण्डित जी ने प्रामाणिक स्वीकार किया है । किन्तु अपनी टीका–टिप्पणियों से पूर्ण पाठान्तरों से संशोधित संस्करण को भी प्रामाणिक लिखा है । ये दोनों बातें सत्य नहीं हो सकतीं। यदि आप द्वितीय संस्करण को प्रामाणिक मानते हैं तो आप का संस्करण कैसे प्रामाणिक हो सकता है ? महर्षि के अनुयायियों को यह शोभा नहीं देता कि अपनी विद्वत्ता के बल से महर्षि के शुद्ध पाठों को भी सुसंगत एवं शुद्ध न कह सकें और असंगत पाठ–भेदों को दिखाकर पाठकों के मन में भ्रान्तियाँ उत्पन्न करें ।

ट्रस्ट ने पण्डित जी का ध्यान इन आवश्यक पाठ–भेदों की ओर दिलाया और पण्डित जी को वैदिक–यन्त्रालय में महर्षि–कालीन कुछ मनुस्मृति के कागज प्राप्त हुए । उन में महर्षि के पाठों की पुष्टि देखकर पण्डित जी को आश्चर्य हुआ और उन्होंने अपने टिप्पणी युक्त कुछ पाठों में संशोधन भी कर दिया है । गुण–गृह्यों को ऐसा करना उचित भी है। किन्तु हमारा निवेदन है कि पण्डित जी जैसे विद्वानों को विवादास्पद या संशयास्पद स्थलों पर बहुत सोचकर लेखनी उठानी चाहिए।

**पौराणिकों के मिथ्या आक्षेप**—महर्षि दयानन्द के समस्त ग्रन्थों पर ही पौराणिक–बन्धु आक्षेप करते रहे हैं, तब 'संस्कारविधि' कैसे पृथक् बच सकती थी ? पौराणिकों की छिद्रान्वेषण प्रवृत्ति कहें, या मत्सर–वृत्ति कहें, इस विवाद में न फंसकर हम संस्कारविधि से सम्बद्ध उन के लगाए मिथ्या आक्षेपों का उत्तर इसलिए देना उचित समझ रहे हैं कि जिस से आर्य–जन उन की वञ्चनावृत्ति के दूषित प्रभाव से बच सकें और उन के आक्षेपों की निस्सारता को समझा करें।

(१) क्योंकि आर्यसमाजी वेदों को ही स्वतः प्रमाण मानते हैं, अतः उन्हें स्वामी जी की प्रत्येक बात वेद–मन्त्रों से ही दिखानी चाहिए। अन्यथा महर्षि के ग्रन्थ वैदिक नहीं कहला सकते । किन्तु ऐसे व्यक्ति शास्त्रीय चर्चा से जहां अनभिज्ञ हैं, वहां आर्यसमाज और उस के संस्थापक महर्षि दयानन्द के पक्ष को नहीं समझ सके हैं । महर्षि ने

अपनी मान्यता को बहुत ही स्पष्ट करके लिखा है–

(क) **वेदादिशास्त्रसिद्धान्तमाध्याय परमादरात् ।**
**आर्यैतिह्यं पुरस्कृत्य शरीरात्मविशुद्धये ॥**

–(संस्कारविधि, पृष्ठ ३)

अर्थात् वेदादिशास्त्रों का परमादर से चिन्तन करके आर्यों के इतिहासानुकूल शरीर और आत्मा की शुद्धि के लिए (यद् यन्मेध्यमत्र तदुच्यते) जो-जो पवित्र बातें हैं उन्हें यहां कहा जाता है । इस से स्पष्ट है कि महर्षि ने संस्कारविधि में उन पवित्र बातों को कहा है, जो वेदादि शास्त्रों के अनुसार आर्यों में प्रचलित थीं ।

(ख) **वेदेषु सर्वा विद्याः सन्त्याहोस्विन्नेति ।**
**अत्रोच्यते । सर्वाः सन्ति मूलोद्देशतः ॥**

(ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, पृष्ठ ७१)

अर्थात् वेदों में सब विद्याएँ हैं, अथवा नहीं ? इस के उत्तर में महर्षि लिखते हैं–वेदों में सब विद्याएँ तो हैं–मूलोद्देश्य से । उद्देश्य शब्द शास्त्रीय है । जिस का अर्थ है–नामपूर्वक कथन । अर्थात् वेदों में सब विद्याओं का मूल-नामपूर्वक कहा गया है, उन का लक्षण व परीक्षादि विस्तार नहीं है । उस बीजरूप वेदविद्या का ब्राह्मण, उपनिषद्, वेदाङ्ग, उपाङ्ग तथा गृह्यसूत्रादि में ऋषि-महर्षियों ने विस्तार से व्याख्यान किया है ।

(ग) 'कर्मकाण्ड में लगाये हुए वेदमन्त्रों में से जहां-जहां जो-जो अग्निहोत्र से लेके अश्वमेध के अन्त पर्यन्त करने चाहिएँ, उन का वर्णन यहां नहीं किया जायेगा । क्योंकि उन के अनुष्ठान का यथार्थ विनियोग ऐतरेय शतपथादि ब्राह्मण, पूर्वमीमांसा, श्रौत और गृह्यसूत्रादिकों में कहा हुआ है ।......इसलिए जो-जो कर्मकाण्ड वेदानुकूल युक्ति प्रमाणसिद्ध है, उसी को मानना योग्य है, अयुक्त को नहीं ।'

–ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, प्रतिज्ञाविषयः

उपर्युक्त महर्षि-ग्रन्थों के उद्धरणों से महर्षि की मान्यता का स्पष्ट वर्णन है कि महर्षि वेद तथा वेदानुकूल उन सभी बातों को मानते हैं, जो युक्ति-प्रमाण-सिद्ध हैं । और वेदानुकूल बातें आर्यों में प्रचलित हैं । संस्कारविधि में भी महर्षि की यही मान्यता है । अतः प्रतिपक्षी पौराणिकों का यह आक्षेप भ्रान्तिपूर्ण तथा महर्षि की मान्यता के सर्वथा विरुद्ध है ।

(२) महर्षि दयानन्द ने संस्कारविधि के प्रारम्भ में लिखा है–

**'गर्भाद्या मृत्युपर्यन्ताः संस्काराः षोडशैव हि ।'**

–(संस्कारविधि, पृष्ठ ३)

'अर्थात् गर्भाधान से लेकर मृत्युपर्यन्त सोलह संस्कार ही होते हैं । इस पर पौराणिक बन्धुओं का यह आक्षेप है कि महर्षि ने इस अपनी प्रतिज्ञा का निर्वाह अपने ग्रन्थ में नहीं किया है । क्योंकि संस्कारविधि में सोलह संस्कारों के अतिरिक्त 'गृहाश्रमसंस्कार' तथा 'शालादिसंस्कार' भी माने हैं, जिन्हें मिलाने से संस्कारों की संख्या अधिक हो जाती है । इस के उत्तर में हमारा निवेदन है कि महर्षि दयानन्द ने निम्नलिखित १६ संस्कार ही माने हैं–

| | |
|---|---|
| १. गर्भाधानम् । | ९. कर्णवेधसंस्कारः । |
| २. पुंसवनम् । | १०. उपनयनसंस्कारः । |
| ३. सीमन्तोन्नयनम् । | ११. वेदारम्भसंस्कारः । |
| ४. जातकर्मसंस्कारः । | १२. समावर्त्तनसंस्कारः । |
| ५. नामकरणम् । | १३. विवाहसंस्कारः । |
| ६. निष्क्रमणसंस्कारः । | १४. वानप्रस्थाश्रमसंस्कारः । |
| ७. चूडाकर्मसंस्कारः । | १५. संन्यासाश्रमसंस्कारः । |
| ८. अन्नप्राशनसंस्कारः । | १६. अन्त्येष्टिकर्मविधिः । |

इन संस्कारों से भिन्न 'गृहाश्रमसंस्कार' या 'शालासंस्कार' ये विवाहसंस्कार के अन्तर्गत ही हैं, उस से भिन्न नहीं । क्योंकि इन में गार्हस्थ्य जीवन के कर्त्तव्यों का ही उपदेश किया गया है । कई सज्जनों का यह कथन भी ठीक नहीं कि 'अन्त्येष्टि' को महर्षि ने संस्कार नहीं माना है । क्योंकि–महर्षि ने इसे 'अन्त्येष्टि–कर्म' लिखा है, संस्कार नहीं । उन्हें महर्षि के निम्न वचनों पर ध्यान देना चाहिए–

(क) 'अन्त्येष्टि–कर्म उस को कहते हैं कि शरीर के अन्त का संस्कार है, जिस के आगे उस शरीर के लिए कोई भी अन्य संस्कार नहीं है ।' –(संस्कारविधि, पृष्ठ २१८)

(ख) **इति मृतकसंस्कारविधिः समाप्तः ।**

–(संस्कारविधि, पृष्ठ २२६)

यहां महर्षि ने 'अन्त्येष्टि' को स्पष्ट ही संस्कार माना है । यथार्थ में महर्षि को 'कर्म' शब्द भी संस्कार अर्थ में अभिप्रेत है ।

(३) संस्कारविधि में सीमन्तोन्नयनप्रकरण में महर्षि लिखते हैं–

'खिचड़ी में पुष्कल घृत डालकर गर्भिणी स्त्री अपना प्रतिबिम्ब उस घी में देखे । इस समय पति पूछे–**'किं पश्यसि'** । स्त्री उत्तर देवे–**'प्रजां पश्यामि'** । इस पर कुछ सज्जन आक्षेप करते हैं कि यह स्वामी जी ने कल्पना करके ही विना प्रमाण के लिख दिया है । उन के संशय निवारणार्थ श्री पण्डित रामगोपाल जी शास्त्री ने 'संस्कारविधि-मण्डनम्' में निम्नलिखित प्रमाण दिखाया है, जो कि प्रशंसनीय तथा खोजपूर्ण है–

**'कृसरः स्थालीपाक उत्तरघृतस्तमेवेक्षयेत्–किं पश्यसीत्युक्त्वा प्रजामिति वाचयेत्, तं सा स्वयं भुञ्जीत ।''**

–(गोभिल गृह्यसूत्र अ० २। खं० ७। सू० ९-११)

***अर्थ***–खिचड़ी पका उस में घृत डाल उसे देखे । (पति पत्नी से पूछे–'किं पश्यसि ?'=क्या देखती है ? पत्नी उत्तर दे कि 'प्रजाम्'= प्रजा को देखती हूं । यह कह कर–स्त्री उस घृत-मिश्रित खिचड़ी को स्वयं खाए । इस से स्पष्ट है कि महर्षि ने कहीं-कहीं विना प्रमाण के भी जो बातें लिखी हैं, वे भी कल्पित नहीं हैं । उन के प्रमाण भी शास्त्रों में खोजने से अवश्य मिल सकते हैं ।

(४) जातकर्मसंस्कार में पृष्ठ ५१ पर महर्षि लिखते हैं–''नित्य सायं और प्रातःकाल सन्धिवेला में निम्नलिखित दो मन्त्रों से ('शण्डामर्काभ्यामुपवीरः' इत्यादि मन्त्रों से) भात और सरसों मिलाके दश दिन तक बराबर आहुतियां देवें ।'' इस पर भी कुछ व्यक्ति आक्षेप किया करते हैं कि भूत-प्रेत-पिशाच आदियों को न मानने वाले महर्षि ने यहां पर प्रसूता स्त्री की भूत-प्रेतादिकों से रक्षा करने के लिए गौर-सर्षप धुंआने का विधान क्यों किया ? इन मन्त्रों से भी यह संशय होता है कि शण्डा, मर्क, उपवीरादि असुरों को दूर करने के लिए ही इन में प्रार्थना की गई है । पौराणिकों की यही मान्यता है कि प्रसवागार में असुरों को दूर करने के लिए ही प्रसवकाल में स्त्रियाँ अपने सिर की ओर चाकू या अन्य लोहे की वस्तु रखती हैं । प्रसूता स्त्री को अकेली नहीं छोड़ा जाता । प्रसवगृह में २४ घण्टे अग्नि रक्खी जाती है और दीपक जलाया जाता है । इस विषय में स्त्रियाँ यही उत्तर देती हैं कि यह भूत-प्रेतादि से सुरक्षा के लिए ही किया जाता है ।

ये असुर कौन हैं ? क्या ये पुरुषाकार होते हैं, जिन के मुख पीछे और एड़ी आगे को होती है ? क्या वेदों में–

**येषां पश्चात् प्रपदानि पुरः पार्ष्णीः पुरोमुखाः ।** (अथर्व०

८।६।१५) कह कर स्पष्ट वर्णन नहीं किया है कि असुरों के पैर पीछे और एड़ी आगे को होती है । क्या वेदों में भी ऐसे भूत-प्रेतादि का वर्णन है ? इत्यादि भ्रान्तियों का मूल अज्ञानता है । वेदादि-शास्त्रों में असुर उन क्रिमियों को कहा गया है, जो कि प्रसवागार में प्रवेश करके अपने विष के द्वारा नव जातक को हानि पहुंचाते हैं । ऐसे हानि पहुंचाने वाले कृमियों को प्रसवागार से दूर करने के लिए बालकादि की रक्षार्थ गौर सर्षपादि की आहुतियाँ दी जाती हैं । इन्हीं क्रिमियों का वर्णन वेदों में है—

(क) **त्रिशीर्षाणं त्रिककुदं क्रिमिम् ॥**—अथर्व० ५।२३।९

***अर्थ***—तीन शिर और तीन ककुदों वाले क्रिमि को ।

(ख) **विश्वरूपं चतुरक्षं क्रिमिम् ॥** —अथर्व० २।३२।२

***अर्थ***—बड़े रूप वाले व चार आंखों वाले क्रिमि को ।

(ग) **येषां पश्चात् प्रपदानि पुरः पार्ष्णीः पुरोमुखाः ।**
**खलजाः शकधूमजाः० ॥** —अथर्व० ८।६।१५

***अर्थ***—जिन क्रिमियों के पाँव पीछे की ओर और एड़ी आगे को है । जो खलियान और पुरीषादि मलों से उत्पन्न होते हैं ।

(घ) **ये अम्नो जातान् मारयन्ति सूतिका अनुशेरते ॥**
—अथर्व० ८।६।१९

***अर्थ***—जो उत्पन्न मात्र जातकों को नष्ट कर देते हैं और जो सूतिका स्थान में रहते हैं ।

इत्यादि प्रमाणों से इन असुर क्रिमियों का स्पष्टीकरण हो जाता है कि ये असुर पुरुषाकार भूत प्रेत नहीं हैं, किन्तु प्रसवगृहादि में मलमूत्रादि से उत्पन्न होने वाले विषैले कृमि ही हैं । जिन से सुरक्षा के लिए गौर सर्षपादि की आहुतियाँ तथा प्रकाशादि प्रसूतिगृह में परमावश्यक हैं । इस विषय में विस्तृत वर्णन के लिए श्री पण्डित रामगोपाल जी शास्त्री द्वारा लिखित 'संस्कारविधिमण्डनम्' पुस्तक को अवश्य देखना चाहिए । मान्य विद्वान् ने इस विषय में एक विशेष खोज करके जहां जनसाधारण की एक महाभ्रान्ति का निराकरण किया है, वहां यह भी स्पष्ट किया है कि अथर्ववेद में भूत-प्रेतादि का वर्णन नहीं है, प्रत्युत बालकादि की स्वास्थ्य-रक्षा के लिए विभिन्न क्रिमियों से सुरक्षा के उपाय बताए हैं । 'शण्डामर्काभ्याम्०' इत्यादि मन्त्रों में भी ऐसे क्रिमियों से ही सुरक्षा का वर्णन किया गया है । इन मन्त्रों में वर्णित पदार्थ देखिए—

(क) **शण्डाः**=(शडि रुजायाम्) रोगोत्पादक, **मर्काः**=शीघ्रगति वाला, **उपवीरः**=(अज गतौ क्षेपणे च) विषों को फेंकने वाला, **शौण्डिकेयः**=(शण गतौ) बड़े वेग से वायुमण्डल में उड़ने वाला, **ऊलूखलः**=ऊपर आकाश में उड़ता हुआ प्राणियों के प्राण ग्रहण करने वाला, **मलिम्लुचः**=मलादि से उत्पन्न होने त्यागने योग्य तथा स्वास्थ्य के चुराने वाला तस्कर, **द्रोणासः**=बड़ी नाक वाला, **च्यवनः**=वेगवान् **क्रिमीः नश्यताद् इतः**=यहां से नष्ट हो ।

(ख) **आलिखन्**=त्वचा को बिगाड़ने वाला, **अनिमिषः**=चक्षु-स्पन्दन रहित, **किंवदन्तः**=कुत्सित शब्दकर्त्ता, **उपश्रुतिः**=कानों के समीप उड़ने वाला, **हर्यक्षः**=भूरे नेत्र वाला, **कुम्भीशत्रुः**=जिस का शत्रु गुग्गुल है, **पात्रपाणिः**=हाथ ही जिस का विषैला पात्र है, **नृमणिः**=मनुष्यों में मन्=मन् शब्दानुकृति करने वाला, **हन्त्रीमुखः**=हिंसक मुख वाला, **सर्षपारुणः**=सरसों की भंति लाल, **च्यवनः**=शीघ्र वेग वाला कीड़ा, **नश्यताद् इतः**=यहां से (प्रसवगृह से) नष्ट होवे ।

मन्त्रोक्त सभी पदार्थों में कीट विशेषों का ही वर्णन स्पष्ट होता है, भूतादि का नहीं । महर्षि दयानन्द ने ऐसी आवश्यक तथा वैज्ञानिक संस्कार की क्रियाओं को कहीं भी नहीं छोड़ा है । उस को न समझने से ही अज्ञानियों को भ्रान्तियाँ होती रहती हैं ।

(५) संस्कारविधि में नामकरण-संस्कार में महर्षि लिखते हैं कि-"जिस तिथि जिस नक्षत्र में बालक का जन्म हुआ हो, उस तिथि और उस नक्षत्र का नाम लेके, उस तिथि और उस नक्षत्र के देवता के नाम से ४ आहुति देना ।"

इस पर पौराणिक बन्धुओं का यह आक्षेप है कि तिथि व देवता का परस्पर क्या सम्बन्ध है ? क्या स्वामी जी ने नक्षत्रादि के देवताओं को मानकर पौराणिकता को स्वीकार नहीं किया है । इस से स्वामी जी ने बालक के जन्म के साथ नक्षत्रादि के प्रभाव को मानकर फलित ज्योतिष को माना है ।

किन्तु महर्षि का तिथि व नक्षत्र के नाम की आहुति का अभिप्राय केवल जन्मदिन के स्मरण के लिए ही है, किसी अन्य पौराणिक फलित प्रभाव से नहीं । तिथि व नक्षत्र के देवता उन के पर्यायवाची ही हैं। नक्षत्राहुति नाक्षत्रिक नाम परम्परा को बताती है । यह भी सम्भव है कि ज्योतिष के ग्रन्थों में इन देवताओं को पर्यायवाची किसी कारण

से भी बनाया हो । जैसे प्रथमा तिथि का देवता ब्रह्मा है। 'ब्रह्मा' एक ही है, अतः प्रथमा का देवता । अष्टमी तिथि का देवता वसु है। क्योंकि वसु भी आठ होते हैं । एकादशी का देवता 'रुद्र' है । क्योंकि रुद्र ११ होते हैं । अलङ्कार और छन्दःशास्त्र में भी इसी प्रकार एक दो आदि अङ्कों के ब्रह्म, नेत्र, राम, वेदादि नाम रक्खे गए हैं ।

यदि कोई ऐसी आशङ्का करे कि जन्म-दिन के लिए तो तिथि व नक्षत्र की आहुति ही पर्याप्त थी, देवताओं की आहुति की क्या आवश्यकता है ? लोक में देखा जाता है कि दो-दो बार भिन्न रूप में उसी एक बात को कहने से वह बात अच्छी तरह स्मरण रह जाती है, वैसे ही यहां भी जानना चाहिए । यह प्राचीन शास्त्रीय शैली है। जैसे–छन्दःशास्त्र में गायत्र्यादि छन्दों के अग्नि, सवितादि सात देवता माने गए हैं । और यह भी लिखा है–'देवतादितश्च' (छन्द० ३।६२) सन्देहास्पद छन्दों का निर्णय देवतादि से करें । छन्द जानने के लिए महर्षि दयानन्द ने वेद-भाष्य में छन्दों के नाम के साथ-साथ षड्जादि स्वर भी लिखे हैं, जिस से संशयास्पद छन्द का निर्णय शीघ्र हो सके। इस प्रकार जैसे छन्दःशास्त्र में प्राचीनाचार्यों ने छन्दोज्ञान के लिए देवता, वर्ण, गोत्रादि लिखे हैं, वैसे ही नामकरण में जन्मदिन के स्मरणार्थ तिथि व नक्षत्र के साथ उन के देवता भी लिखे हैं ।

(६) संस्कारविधि में निष्क्रमणसंस्कार में महर्षि ने लिखा है "बालक की माता दाहिनी ओर से लौटकर बाईं ओर अञ्जलि भर के चन्द्रमा के सम्मुख खड़ी रहके 'ओं यददश्चन्द्रमसि कृष्णं पृथिव्या हृदयं श्रितम्०' इस मन्त्र से परमात्मा की स्तुति करके जल को पृथिवी पर छोड़ देवे ।" (संस्कारविधि, पृष्ठ ५४-५५) यहां पर भी पौराणिक बन्धुओं का आक्षेप है कि मूर्त्तिपूजा की जड़ पर कुठाराघात करने वाले और बहु-देवतापूजा के प्रबल विरोधी स्वामी दयानन्द ने चन्द्रमा के प्रति जल छुड़वाकर यहां जड़मूर्त्तिपूजा को स्वीकार किया है । यथार्थ में यहां महर्षि ने 'परमात्मा की स्तुति करके' लिखकर अपने भाव को बहुत ही स्पष्ट कर दिया है । यहां किसी जड़-चन्द्र की पूजा को स्वामी जी ने कदापि स्वीकार नहीं किया । संस्कारों में प्रायः बाह्यविधियों के द्वारा किसी न किसी प्रकार की शिक्षा या रहस्य को समझाया जाता है। जैसे विवाह में स्त्री-पुरुषों के हृदयों को जोड़ने के लिए वस्त्रों की ग्रन्थि लगाई जाती है। ऐसे ही शिलारोहण, लाजाहोम, ध्रुव-अरुन्धती-

तारा प्रदर्शन तथा सूर्यावलोकनादि विधियाँ पतिव्रतधर्म में दृढ़ता के लिए ही किसी न किसी शिक्षा या रहस्य को समझाती हैं । वैसे ही निष्क्रमणसंस्कार में चन्द्र की ओर देखकर पृथिवी पर जल छोड़ कर परमात्मा के स्तवन से यह रहस्य समझाया गया है—हे परमेश्वर ! जैसे जल और चन्द्र का परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध है । (शुक्लपक्ष में चाँद की चाँदनी में समुद्र के जल के उछलने से इस बात को अच्छी प्रकार समझा जा सकता है ।) वैसे ही बालक का हमारे साथ भी सदा घनिष्ठ सम्बन्ध बना रहे ।' इस में किसी प्रकार का भी पौराणिक भाव या जड़पूजा का वर्णन कदापि नहीं है ।

(७) संस्कारविधि के चूड़ाकर्मसंस्कार में महर्षि ने लिखा है—
''तीन दर्भ लेके दाहिनी बाजू के केशों के समूह को हाथ से दबा के **'ओं विष्णोर्दꣳष्ट्रोऽसि'** इस मन्त्र से छुरे की ओर देखके—

**ओं शिवो नामासि स्वधितिस्ते पिता नमस्ते मा मा हिंसीः ॥**

इस मन्त्र को बोल के छुरे को दाहिने में लेवे ।''

यहां पौराणिक इन मन्त्रब्राह्मण के वाक्यों तथा प्रकरणों को न समझकर यह मिथ्यार्थ करके लोगों को बहकाते हैं—'हे छुरे ! तू विष्णु= ईश्वर की दाढ़ है ।' इस अर्थ से यह भी सिद्ध करते हैं—परमेश्वर को निराकार मानने वाले दयानन्द ने भी छुरे को विष्णु की दाढ़ मानकर नमस्ते कही है । अतः वे भी जड़-पूजा को यहां मान रहे हैं । किन्तु उन का यह अर्थ प्रकरणविरुद्ध तथा शास्त्रविरुद्ध है । यह प्रकरण यज्ञ का है । विष्णु परमेश्वर का भी नाम है, किन्तु **'यज्ञो वै विष्णुः'** (श० १।१।२।१३) प्रमाण से यज्ञ का भी विष्णु नाम है । और 'दंष्ट्र' शब्द 'दंश दशने धातु से करण कारक में 'ष्ट्रन्' प्रत्यय करने से बना है। जिस का अर्थ है—काटने का साधन । लोक में दाढ़ को भी 'दंष्ट्र' अन्नादि को काटने के कारण ही कहते हैं । चूड़ाकर्म में बाल काटने का साधन छुरा होता है । प्रकरणानुसार अर्थ इस प्रकार हुआ—

'हे छुरे ! तू विष्णु=यज्ञ का (यज्ञसम्बन्धी) दंष्ट्रः=काटने वाला शस्त्र है।' यहां कोई यह भी आशङ्का कर सकता है कि जड़ छुरे को सम्बोधित क्यों किया गया ? क्या छुरा हमारे वचनों को सुन सकता है ? इस का उत्तर यह है कि यह वेद और ब्राह्मणादि ग्रन्थों की प्राचीन शैली है, जिस को न समझने से विद्वान् भी भ्रान्ति में पड़ जाते हैं । इस शैली में प्रत्यक्ष स्तुति में जड़ पदार्थ में भी सम्बोधन और मध्यम

पुरुष का प्रयोग करते हैं, परन्तु अर्थ करते समय मध्यम पुरुष का प्रथम पुरुष में व्यत्यय करना चाहिए । महर्षि दयानन्द ने इस वैदिक नियम को बहुत समझा कर स्पष्टीकरण करते हुए लिखा है–

"वेद के प्रयोगों में इतनी विशेषता होती है कि जड़ पदार्थ भी प्रत्यक्ष हों तो वहां निरुक्तकार के उक्त नियम से मध्यम पुरुष का प्रयोग होता है । इस से यह भी जानना आवश्यक है कि ईश्वर ने संसारी जड़ पदार्थों को प्रत्यक्ष कराके केवल उन से अनेक उपकार लेना जनाया है ।" –(ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, पृष्ठ २८१, २८२)

निरुक्त में (७।१।१, २) ऋचाओं के तीन भेद किए हैं–परोक्षकृत, प्रत्यक्षकृत और आध्यात्मिक । वेद जिस पदार्थ की प्रत्यक्षरूप में स्तुति करता है, चाहे वह स्तोतव्य पदार्थ जड़ हो या चेतन, उस का वर्णन मध्यम पुरुष में करता है । और व्याकरण अष्टाध्यायी का **'व्यत्ययो बहुलम्'** (३।१।८५) सूत्र व्यत्ययों का स्पष्ट निर्देश कर रहा है ।

इस प्रकार के नियमों से अनभिज्ञ व्यक्ति ही शास्त्रों के मिथ्या अर्थ करके अनर्थ करते रहते हैं । इसी प्रकार चूड़ाकर्म के प्रकरण में **'ओषधे त्रायस्व एनं, मैनं हिंसीः'** इस वाक्य का भी वे अनर्थ ही करते हैं । किन्तु व्यत्यय के नियम को समझकर इस का युक्तियुक्त तथा सुसंगत अर्थ इस प्रकार है–'**ओषधे**=यह औषधि **त्रायस्व**=रक्षा करती है, **एनम्**=इस को **मा हिंसीः**=हिंसन नहीं करती है । इसी प्रकार पूर्वोद्धृत **'ओं शिवो नामासि०'** वाक्य का अर्थ भी गलत करते हैं और महर्षि दयानन्द पर यह आक्षेप करते हैं कि ये जड़ छुरे को भी तो नमस्ते करते हैं किन्तु मूर्त्ति के आगे सिर झुकाने से घबराते हैं । क्या छुरे के आगे सिर झुकाना जड़पूजा नहीं है । किन्तु पूर्वोक्त नियमों के जानने से ऐसे मिथ्यार्थों का समूल उन्मूलन हो जाता है । इस मन्त्र का सत्यार्थ इस प्रकार है–"**शिवः**=कल्याण करने वाला, **असि**=निश्चय से तू है । **स्वधितिः**=वज्र अर्थात् लोहा, **ते**=तेरा, **पिता**=उत्पत्ति स्थान है, **नमः**=सत्कार, **ते**=इस का, **मा**=मत, **मा**=मुझ को, **हिंसीः**=दुःख दे।"

यह छुरे का वर्णन है। छुरे की उत्पत्ति लोहे से बताई है और चूड़ाकर्म में छुरे का प्रयोग सत्कार पूर्वक अर्थात् बहुत ही सावधानी से करना चाहिए । बच्चे की त्वचा अत्यधिक कोमल है, इस को किसी प्रकार का कष्ट न हो । इस प्रकार इस मन्त्र में जड़पूजा की कहीं गन्ध भी नहीं है । पौराणिक बन्धुओं को नमः शब्द के 'नमस्कार'

'सत्कार' 'अन्न' तथा वज्रादि अर्थों को ध्यान देकर ही प्रकरणानुसार अर्थ करना चाहिए ।

इसी प्रकार समावर्त्तनसंस्कार के—**'ओं प्रतिष्ठे स्थो विश्वतो मा पातम्'** (संस्कारविधि, पृष्ठ ९४) अर्थ में भी पौराणिकों को महाभ्रान्ति है । इस का अर्थ वे इस प्रकार करते हैं—हे जूते ! तू मेरी सब तरह से रक्षा कर । किन्तु यह भ्रान्ति पूर्वोक्त नियमों की अनभिज्ञता के कारण ही है । महर्षि ने इस का अर्थ नहीं किया है । गृहस्थ में प्रवेश करने वाले पुरुष को उपानह, पादवेष्टन, पगरखादि इस मन्त्र से धारण करने के लिए स्वामी जी ने लिखा है । इस की भी पुरुष व्यत्यय से ही संगति लगानी तथा प्रकरण के अनुकूल अर्थ करना उचित है। क्योंकि मन्त्र में किसी वस्तु का नाम नहीं है । लोक में जो भी शरीर की सुरक्षा के बाह्य साधन हैं, वे 'प्रतिष्ठा' पद से गृहीत किए हैं। वे कण्टकादि व सर्दी–गर्मी से शरीर की रक्षा करते हैं । यदि कोई द्विवचनान्त का आग्रह करके 'जूता' ही अर्थ करने का दुराग्रह करे, तब भी पुरुष व्यत्यय से अर्थ की सङ्गति ठीक लगती है । यहां 'जूते' से प्रार्थना नहीं की गई है । ऐसे स्थलों पर भ्रान्ति का मूलकारण पूर्वोक्त वैदिक नियमों से अनभिज्ञता ही है ।

(८) कुछ लोगों का यह भी मिथ्याक्षेप है कि वेदों में वानप्रस्थ तथा संन्यास का कहीं विधान नहीं है । क्योंकि वेद में कहीं भी 'वानप्रस्थ' तथा 'संन्यास' शब्द नहीं है । अतः महर्षि दयानन्द के ये दोनों संस्कार ही अवैदिक हैं । किन्तु यह आक्षेप मिथ्या ही है । शास्त्रों में वानप्रस्थ के लिए 'मुनिः' तथा संन्यास के लिए 'यतिः' शब्द का प्रयोग आता है । जैसे मनुस्मृति के छठे अध्याय में वानप्रस्थ के लिए बहुधा 'मुनि' शब्द का प्रयोग है । उपनिषदों में 'वनी' शब्द का भी प्रयोग हुआ है । वेद में भी वानप्रस्थ के लिए मुनि शब्द का प्रयोग हुआ है । जैसे—ऋ० १०।१३६।५ में **'अथो देवेषितो मुनिः'** शास्त्रों में मिलता है । मनुस्मृति में **'भिक्षां नित्यं यतिश्चरेत्'** (६।५६) **'एष धर्मोऽनुशिष्टो वो यतीनां नियतात्मनाम्'** (६।८६) इत्यादि स्थलों में 'यति' शब्द का प्रयोग 'संन्यासी' के लिए आया है । उपनिषदों में इसी 'यति' शब्द का प्रयोग मिलता है । जैसे—**( संन्यासयोगाद् यतयः शुद्धसत्त्वाः ! )** (मु० उ० ३।२।६) में स्पष्ट ही 'यति' शब्द 'संन्यासी' के लिए प्रयुक्त हुआ है । वेदों में भी 'यति' शब्द का बहुधा प्रयोग

हुआ है—

**यद्देवा यतयो यथा भुवनान्यपिन्वत ।** —ऋ० १०।७२।७
**य इन्द्र यतयस्त्वा भृगवो ये च तुष्टुवुः ।** —ऋ० ८।६।१८
**अपामर्थं यतीनां ब्रह्मा भवति सारथिः ।** —ऋ० १।१५८।६

इत्यादि स्थलों पर 'यति' शब्द का प्रयोग 'संन्यासी' के लिए हुआ है । अतः वानप्रस्थ तथा संन्यास दोनों आश्रमों का मूल वेदों में होने से पौराणिकों के आक्षेपों का स्पष्ट रूप से खण्डन हो जाता है । और उन के मिथ्याक्षेपों से उन की ज्ञानलवविदग्धता ही प्रकट होती है ।

इसी प्रकार स्वामी जी पर उपनयन-संस्कार के 'यज्ञोपवीतं परमं०' मन्त्र को भी अवैदिक बताकर आक्षेप किया करते हैं । किन्तु स्वामी जी ने प्राचीन आर्यों की श्रेष्ठ परम्पराओं को कहीं भी नहीं छोड़ा है। इस भाव से गृह्यसूत्रों के प्रमाण रखे हैं । उपनयन के लिए वेदों में बहुत प्रमाण मिलते हैं । जैसे कुछ निम्न हैं—

(क) **युवा सुवासाः परिवीत आगात् ।** —ऋ० ३।८।४
(ख) **आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिणम्० ।** —अथर्व० ११।७।३
(ग) **नमो हरिकेशायोपवीतिने ।** —यजुः० १६।१७

इत्यादि वेद-मन्त्रों से उपनयन की प्रामाणिकता स्पष्ट है । गृह्यसूत्रों के उपनयन मन्त्र को महर्षि ने इसलिए भी संस्कारविधि में स्थान दिया है कि ऋषि-मुनियों ने इस में यज्ञोपवीत के लाभों का समावेश करके इस की उपयोगिता अत्यधिक बढ़ा दी है । अतः महर्षि का कोई भी प्रकरण अवैदिक नहीं है। यह मिथ्या समझने वालों की भ्रान्ति ही है।

(९) संस्कारविधि में गर्भाधान-प्रकरण में जो 'गर्भाधान की विधि अर्थात् जब वीर्य गर्भाशय में जाने का समय आवे इत्यादि' लिखी है, उस पर भी वेदों व शास्त्रों से अनभिज्ञ व्यक्ति आक्षेप किया करते हैं कि यह स्वामी जी ने कहां से और कैसे लिख दी ? स्वामी जी तो बाल ब्रह्मचारी थे । अतः उन के निष्कलंक चरित्र को भी दूषित करने का दुस्साहस तथा कुचेष्टा किया करते हैं । किन्तु उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि सभी ज्ञान अनुभव से ही नहीं सीखा जाता। वेदादि शास्त्रों को पढ़कर भी बहुत कुछ सीखा जाता है । इस विषय में श्री रामगोपाल जी शास्त्री ने वेदादि शास्त्रों के निम्न प्रमाण दर्शाए हैं, जो इस विषय में बहुत ही प्रकाश डालते हैं—

(क) **ओम् मुखं तदस्य शिर इत्स तेन, जिह्वा पवित्रमश्विनासन्**

**सरस्वती । चप्यं न पायुर्भिषगस्य बालो, वस्तीर्न शेपो हरसा तरस्वी॥**

—यजु:० १९।८८

इस मन्त्र का महर्षिकृत भाष्य पाठकों को देखना चाहिए । जिस से महर्षि के लेख की स्पष्ट प्रामाणिकता मिल जाती है । महर्षि ने इस मन्त्र के भावार्थ में इस विधि की आवश्यकता तथा उपयोगिता बताते हुए लिखा है—'स्त्रीपुरुष गर्भाधान के समय में परस्पर मिल, प्रेम से पूरित होकर, मुख के साथ मुख, आंख के साथ आंख, मन के साथ मन, शरीर के साथ शरीर का अनुसन्धान करके गर्भ का धारण करें । जिस से कुरूप वा वक्राङ्ग सन्तान न होवे ।'

(ख) **'अथ यामिच्छेत् गर्भं दधीतेति तस्यामर्थं निष्ठाप्य मुखे मुखं सन्धायापान्याभिपराण्याद् इन्द्रियेण ते रेतसा रेत आदधामीति गर्भिण्येव भवति ।'** —शत० १४।७।५।१०

यहां भी वेदोक्त विधियों की ही ऋषियों ने व्याख्या की है । इसी प्रकार की व्याख्या पारस्कर गृह्यसूत्र (१।११।५) में तथा चरक के शरीरस्थान (८।८) में मिलती है । स्वामी जी ने वेदादिशास्त्रों में ही पढ़कर इस विधि को लिखा है । अतः उन पर जो मिथ्याक्षेप किया जाता है, उस का कोई आधार नहीं है ।

(१०) पौराणिक पण्डित महर्षि के ग्रन्थों पर कैसे-कैसे मिथ्या दोष लगाते हैं, उन की छल-कपटपूर्ण हृदयस्थ कलङ्क कालिमा का एक नमूना देखिए—

महर्षि ने विवाह संस्कार से पूर्व लड़का व लड़की के अपने-अपने घरों पर ही कुछ क्रियाओं का विधान करते हुए लिखा है— ''इन मन्त्रों से सुगन्धित शुद्ध जल से पूर्ण कलशों को लेके वधू और वर स्नान कर वधू उत्तम वस्त्रालङ्कार धारण करके उत्तम आसन पर पूर्वाभिमुख बैठें ।'' —संस्कारविधि विवाहप्रकरणम्

इस लेख पर पौराणिकों का आक्षेप यह है कि विवाहसंस्कार से पूर्व लड़का व लड़की को एकान्त में स्नान करने के लिए कौन माता-पिता अनुमति देंगे ? यह महर्षि का व्यवहार-विरुद्ध तथा अप्रामाणिक लेख है । किन्तु यहां पौराणिकों को प्रकरणानभिज्ञता के कारण ही भ्रान्ति हुई । इस में निम्नलिखित बातों पर ध्यान देने से भ्रान्ति का निराकरण स्वतः ही हो जाता है—

(क) मन्त्रों का उच्चारण करके सुगन्धित जल से स्नान की विधि

लड़का व लड़की दोनों के लिए महर्षि ने लिखी है । किन्तु इस का अभिप्राय विवाह से पूर्व एकान्तवास में नहीं है । क्योंकि महर्षि की समस्त विधियाँ दोनों के लिए समान अधिकार की बोधक हैं। अतः यह स्नानविधि अपने-अपने घरों पर ही करने के लिए महर्षि ने लिखी है।

(ख) यदि महर्षि का अभिप्राय विवाह से पूर्व लड़का व लड़की के इकट्ठे स्नान से होता तो उसी स्थान पर महर्षि आगे ऐसा क्यों लिखते—"वैसे ही वर भी एकान्त अपने घर में जाके उत्तम वस्त्रालङ्कार करके...... वधू के घर जाने का ढंग करे ।" अतः पौराणिकों का आक्षेप पूर्वापर-प्रकरण से विरुद्ध शरारत पूर्ण ही है । उन्हें ऐसे आक्षेप करते समय लेशमात्र भी लज्जा व सङ्कोच क्यों नहीं होता ? यह पामरता की पराकाष्ठा ही है ।

**संस्कारों की विधि—**

महर्षि दयानन्द ने प्रत्येक संस्कार की उचित-स्थान पर सम्पूर्ण विधि लिखी है । और सब संस्कारों में सामान्य तथा उचित समय पर कर्त्तव्य विधियों का संग्रह 'सामान्य-प्रकरण' में किया है । **प्रायः यह देखने में आता है कि संस्कारों में शान्तिपाठ के 'ओम् द्यौः शान्तिः' और 'यज्ञरूप प्रभो' इत्यादि गीतों के गायनों का महर्षि ने कहीं विधान नहीं किया और न ही इन का कहीं गृह्यसूत्रादि कर्मकाण्ड के ग्रन्थों में विधान है । प्रत्येक संस्कार की समाप्ति सामवेदोक्त महावामदेव्य गान से करने का विधान महर्षि ने किया है ।** अतःआर्यों को महर्षि के लेख का आदर करके कर्त्तव्यकर्मों का ग्रहण और अकर्त्तव्यों को छोड़ देना चाहिए ।

**प्रमाण भाग के पते क्यों नहीं—**

महर्षि दयानन्द ने संस्कारविधि में भी अन्य ग्रन्थों की भांति प्रमाणभाग में बहुतों के पते नहीं दिये केवल ग्रन्थों के नाम ही दिए हैं। कुछ विद्वानों ने उन के पते खोजकर लिखने का प्रयत्न किया है । उन के विचार में इस से पाठकों को देखने तथा विचारने में सुविधा हो जाती है । परन्तु उन पतों से अनेक भ्रान्तियाँ भी पैदा हो गई हैं । जैसे—

(१) महर्षि द्वारा ऊहित-पाठों के पते कहां और कैसे मिल सकेंगे? और यदि मिलेंगे तो पाठ-भेद अवश्य होगा । क्या उस से सन्देह नहीं होगा कि कौन-कौन पाठ शुद्ध हैं ।

(२) महर्षि ने कहीं भिन्न-भिन्न मन्त्रों के भागों को भी एकत्र

दिखाया है । उन के पते न मिलने पर क्या उन्हें प्रामाणिक न माना जाए ? अथवा प्रत्येक भाग के मिलने पर दूसरे भाग को अशुद्ध माना जाए ?

(३) महर्षि के बाद के प्रकाशनों में बहुत से पाठ-भेद हुए हैं, उन ग्रन्थों से क्या महर्षि के पाठों की तुलना करना उचित है ? और कौन सा पाठ प्रामाणिक माना जाएगा ?

(४) अनेक ग्रन्थों में श्लोक ही बदल दिए हैं, अथवा सम्बद्ध परिशिष्ट भागों को ही पृथक् कर दिया गया है । उनके पते उन ग्रन्थों में कहां मिल सकेंगे ?

अतः महर्षि के ग्रन्थों में पते देना भ्रान्तियों को ही जन्म देना है । हमारा यह परम कर्त्तव्य है कि हम महर्षि के ग्रन्थों को यथालिखित ही रहने दें । उस में कहीं भी कोई पते देने का प्रयत्न नहीं किया है।

**सामान्य प्रकरण को न समझने से एक भ्रान्ति**—महर्षि दयानन्द ने सामान्य प्रकरण के विषय में बहुत ही स्पष्ट लिखा है—"इस से सामान्य विषय जो कि सब संस्कारों के आदि और उचित समय तथा स्थान में अवश्य करना चाहिये, वह प्रथम सामान्य प्रकरण में लिख दिया है । और जो मन्त्र वा क्रिया सामान्य प्रकरण की संस्कारों में लिखी है कि जिस को देखके सामान्यविधि की क्रिया वहां सुगमता से कर सके और सामान्य प्रकरण का विधि भी सामान्य प्रकरण में लिख दिया है, अर्थात् वहां का विधि करके संस्कार का कर्त्तव्य-कर्म करे ।"

—संस्कारविधि, भूमिका

इस महर्षि के लेख को न समझ कर कुछ विद्वान् पुरोहित ऐसा भी करते हुए देखे गये हैं कि प्रथम सामान्य प्रकरण की सब विधियाँ कराकर फिर संस्कार की क्रियाएँ प्रारम्भ कर देते हैं । उन्हें उपर्युद्धृत महर्षि की रेखांकित पंक्तियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए । जिस में बहुत ही स्पष्ट है कि संस्कारों में सामान्य प्रकरण की जिन विधियों की आवश्यकता है, उन का महर्षि ने यथास्थान पृष्ठ तथा क्रिया का नाम देकर निर्देश किया है, अतः उचित स्थान व समय पर उन विधियों को करना चाहिए। अन्यथा संस्कारों में पृष्ठ तथा क्रियाओं के नाम लिखने की क्या आवश्यकता थी, यदि सामान्य प्रकरण की समस्त विधियाँ संस्कारों के प्रारम्भ में करनी ही होतीं ? सामान्य प्रकरण की समस्त विधियाँ समस्त संस्कारों के प्रारम्भ में करना महर्षि के लेख के सर्वथा विरुद्ध है । इस

भ्रान्ति का जन्म कतिपय नामकरण व अन्नप्राशन संस्कारों में महर्षि लिखित 'सम्पूर्ण विधि करके' शब्दों से भी हुई है । किन्तु यदि महर्षि का यह भाव होता तो उसी के आगे सामान्य प्रकरण की विधियों को पुनः न लिखते । अतः वहां 'सम्पूर्ण' शब्द सापेक्ष ही है । अतः विद्वान् पुरोहितों को संस्कारों में महर्षि द्वारा लिखित यथानिर्दिष्ट विधियों का ही अनुसरण करके एकरूपता अपनानी चाहिए ।

**संस्कारों में उपदिष्ट कर्त्तव्य–**

महर्षि दयानन्द ने संस्कारविधि में जहां संस्कारों का समय तथा संस्कारों की विधियाँ सप्रमाण लिखी हैं, वहां संस्कृत व्यक्तियों के लिए जो–जो कर्त्तव्य धर्म आवश्यक हैं, उन का भी सप्रमाण उपदेश दिया है । क्या यह कर्त्तव्योपदेश संस्कार के दिन तक ही निश्चित है ? ऐसा महर्षि का भाव नहीं है । कर्त्तव्य कर्मों में दो प्रकार के उपदेश महर्षि ने लिखे हैं–(१) सामान्य धर्म, (२) विशेष धर्म । सामान्य कर्त्तव्य तो सब मनुष्यों को सब अवस्थाओं में करने ही चाहिए। किन्तु जो विशेष–कर्त्तव्यों की शिक्षा दी है, उन का पालन तब तक अवश्य करना चाहिए, जब तक दूसरा संस्कार न हो । जैसे वेदारम्भ संस्कार में जो ब्रह्मचारी व ब्रह्मचारिणी को कर्त्तव्य कर्मों का उपदेश दिया है, उस का पालन तब तक विधिवत् करना चाहिए, जब तक दूसरा संस्कार न हो । कहने का तात्पर्य यह है कि समस्त संस्कार एक शृंखला की भांति परस्पर सम्बद्ध तथा किसी विशेषावस्था को छोड़कर क्रमबद्ध ही हैं । जिस से मानव स्वतः ही जीवन के लक्ष्य की ओर अग्रसर होकर प्रगति करता जाए । अतः स्पष्ट है कि संस्कारों में उपदिष्ट–धर्म दूसरे संस्कारों तक श्रद्धा से अवश्य करते रहना चाहिए ।

तिथि–फाल्गुन कृष्णा प्रतिपदा  
सं० २०३४ वि० २४।२।१९७८

विनीत–**राजवीर शास्त्री**

**ओ३म्**

# प्रकाशकीय

आर्ष साहित्य-प्रचार ट्रस्ट का उद्देश्य दयानन्दकृत साहित्य तथा आर्ष साहित्य का प्रचार-प्रसार करना है । इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु ट्रस्ट साहित्य का प्रकाशन करके लागत मूल्यमात्र अथवा उस से भी कम मूल्य में जिज्ञासु पाठकों तक पहुंचाता है ।

महर्षि दयानन्दकृत साहित्य को ट्रस्ट विना किसी प्रक्षेप के मूल रूप में प्रकाशित करता है, जिस से महर्षि की अनुपम निधियों को अक्षुण्ण रखा जा सके ।

प्रस्तुत संस्करण से पूर्व ट्रस्ट संस्कारविधि के सोलह संस्करण प्रकाशित कर चुका है जो अत्यल्प मूल्य होने के कारण हाथों हाथ बिकते रहे हैं । पिछले कुछ समय से पाठकों के सुझाव आ रहे थे कि इस पुस्तक की कम्पोजिंग कम्प्यूटर से कराई जाये ।

पाठकों के सुझावों के अनुसार नये रूप में उत्तम कागज तथा बढ़िया जिल्द में यह सत्रहवाँ संस्करण पाठकों की सेवा में प्रस्तुत करते हुए हमें अतीव हर्ष हो रहा है ।

यद्यपि प्रस्तुत संस्करण का मूल्य पूर्वापेक्षया कुछ अधिक है, तथापि इस संस्करण में कागज आदि की मूल्य वृद्धि को ध्यान में रखते हुए यह मूल्य भी अधिक नहीं है।

आशा है वैदिक धर्मानुरागी पाठकगण इस संस्करण से लाभान्वित होंगे ।

**धर्मपाल आर्य**

दिनांक *मन्त्री,* आर्ष साहित्य-प्रचार ट्रस्ट

१३ अप्रैल २०१०

देनी, ऐसे ८ आठ आहुति देके—

**ओं सर्वं वै पूर्णꣳ स्वाहा ॥**

इस मन्त्र से ३ तीन पूर्णाहुति अर्थात् एक-एक वार पढ़के एक-एक करके ३ तीन आहुति देवे ॥

**॥ इत्यग्निहोत्रविधिः संक्षेपतः समाप्तः ॥२॥**

## अथ पितृयज्ञः

अग्निहोत्रविधि पूर्ण करके तीसरा पितृयज्ञ करे, अर्थात् जीते हुए माता-पिता आदि की यथावत् सेवा करनी 'पितृयज्ञ' कहाता है ॥३॥

## अथ बलिवैश्वदेवविधिः

**ओम् अग्नये स्वाहा ॥१॥**
**ओं सोमाय स्वाहा ॥२॥**
**ओम् अग्नीषोमाभ्यां स्वाहा ॥३॥**
**ओं विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा ॥४॥**
**ओं धन्वन्तरये स्वाहा ॥५॥**
**ओं कुह्वै स्वाहा ॥६॥**
**ओम् अनुमत्यै स्वाहा ॥७॥**
**ओं प्रजापतये स्वाहा॥८॥**
**ओं द्यावापृथिवीभ्यां स्वाहा ॥९॥**
**ओं स्विष्टकृते स्वाहा ॥१०॥**

इन १० दश मन्त्रों से **घृतमिश्रित भात की, यदि भात न बना हो तो क्षार और लवणान्न को छोड़के जो कुछ पाक में बना हो,** उसी की १० दश आहुति करे ।

तत्पश्चात् निम्नलिखित मन्त्रों से बलि दान करे—

**ओं सानुगायेन्द्राय नमः ॥१॥** इस से पूर्व ।
**ओं सानुगाय यमाय नमः ॥२॥** इस से दक्षिण ।
**ओं सानुगाय वरुणाय नमः॥३॥** इस से पश्चिम ।
**ओं सानुगाय सोमाय नमः ॥४॥** इस से उत्तर ।
**ओं मरुद्भ्यो नमः ॥५॥** इस से द्वार ।
**ओं अद्भ्यो नमः ॥६॥** इस से जल ।
**ओं वनस्पतिभ्यो नमः ॥७॥** इस से मूसल और ऊखल ।

